# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: <u>प्रेस विज्ञप्ति</u> :–

दिनांक :– **18.09.2025**

आयोग द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग के लिए सहायक आचार्य के विभिन्न 30 विषयों के कुल 575 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 24/2024–25 दिनांक 13.12.2024 जारी किया गया जिसके तहत् One Time Registration (OTR) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये एवं अभ्यर्थियों से अन्य कोई आवेदन शुल्क प्राप्त नहीं किया गया था। उक्त भर्ती के संबंध में विषयवार वर्गीकरण हेतु शुद्धि पत्र संख्या 18/2024–25 दिनांक 10.01.2025 जारी करते हुए कुल पदों की संख्या 574 दर्शायी गयी थी।

कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 16.09.2025 द्वारा भर्ती से संबंधित सेवा नियम, 1986 में आवश्यक संशोधन किये जाने के फलस्वरूप सहायक आचार्य के पदों पर भर्ती हे जारी विज्ञापन संख्या 24/2024–25 दिनांक 13.12.2024 को एतद् द्वारा प्रत्याहारित (Withdrawal) किया जाता है।

(रामनिवास मेहता)
सचिव